टीएचडीसी हाईड्रो इंजीनियरिंग संस्थान की टीम ने मारी बाजी

यूटीयू इंटर कालेजिएय यूनिवर्सिटी वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता

■ देहरादून/एसएनबी।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित 17 सतत विकास के लक्ष्यों की थीमस पर आधारित इंटर कालेजिएट यूनिवर्सिटी वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर पेंटिंग्स के माध्यम से अपने हुनर को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता में सात टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

विवि ने प्रतियोगिता में प्रत्येक संस्थान से अधिकतम दो टीमें व प्रत्येक टीम में अधिकतम चार छात्र-छात्राओं को ही शामिल करने का प्रावधान रखा गया था। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए शानदार पेंटिंग बनाकर सभी का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में

विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो.ओंकार सिंह

टीएचडीसी हाईड्रो इंजीनियरिंग संस्थान टिहरी की 'जल के नीचे जीवन' थीम पर आधारित पेंटिंग को पहला स्थान मिला। विजेता टीम में सिमरन रावत, अंशिका गुप्ता, मयंक व मानस रावत शामिल थे। 'सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा' वाली थीम पर वॉल पेंटिंग बनाने वाली महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम में एहसास तिवारी, आकांक्षा बगियाल, बुशरा परवीन व भूमिका पाण्डेय शामिल रही। तीसरे स्थान पर भी महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून की छात्राओं की टीम ने ही कब्जा जमाया। 'शांति, न्याय और मजबूत संस्थाएं' वाली थीम पर आधारित वॉल पेंटिंग बनने वाली टीम में अलवीना शाह, ईशा तिवारी, मनीषा व अनीशा रावत शामिल थी। कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को बतौर नगद धनराशि के साथ ही प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के निर्णायकों में डा.एसके चौहान, डा.वीके पटेल, डा.महक पाठक, कार्यक्रम समन्वयक गणेश खण्डूरी शामिल थे। इस मौके पर कुलसचिव डा. सत्येन्द्र सिंह, वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल, अंशिका गर्ग, नीतू प्रजापति समेत अनेक लोग मौजूद थे।